हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शनिवार, 5 अप्रैल, 2025

तापमान
अधिकतम 38.1 डिग्री
न्यूनतम 14.5 डिग्री

13 वाइल्ड लाइफ ट्रीटमेंट सेंटर पर भी ध्यान दे सरकारः चन्द्र सिंह सहारण



13 लितानी की यानशिका ने नेशनल बॉक्सिंग में जीता स्वर्ण



## खबर संक्षेप

### रग्बी 7 एस प्रतियोगिता के लिए चयन आज

**हिसार।** सीनियर नेशनल रग्बी 7 एस चैंपियनशिप जो की इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम, गुवाहाटी, असम, में 23 से 28 अप्रैल, 2025 तक भारतीय रग्बी फुटबॉल यूनियन द्वारा आयोजित करवाई जाएगी। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हरियाणा सीनियर पुरुष और महिला रग्बी टीमों के चयन ट्रायल 6 अप्रैल को नंगल कलां (सोनीपत ) रग्बी ग्राउंड पर आयोजित किया जाएगा।

### गुजवि में यूएमसी कमेटी की बैठक 8-9 अप्रैल को

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में यूएमसी कमेटी की बैठक 8 व 9 अप्रैल को सुबह 10 बजे से विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय में होगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि सत्र दिसम्बर 2024 में आयोजित सम्बद्ध डिग्री कॉलेजिज तथा यूटीडी की परीक्षाओं के विद्यार्थियों की व्यक्तिगत सुनवाई के लिए यूएमसी कमेटी की बैठक होगी।

### ताऊ देवीलाल की पुण्यतिथि पर सर्वधर्म सभा का आज

**हिसार।** इनेलो जिला प्रवक्ता रमेश चुघ ने बताया कि पूर्व उप प्रधानमंत्री जननायक ताऊ देवीलाल की 24वीं पुण्यतिथि पर 6 अप्रैल को प्रातः 7 बजे टाऊन पार्क में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर हिंदू, मुस्लिम, सिख व ईसाई धर्म के धर्माचार्य किसानों व गरीबों के मसीहा ताऊ देवीलाल को श्रद्धांजलि अर्पित कर आत्मिक शांति के लिए प्रार्थना करेंगे।

### नगर निगम 700 रुपये प्रति ट्रॉली उठाएगा वेस्ट

**हिसार।** अक्सर देखा जाता हैं कि सी एंड डी वेस्ट शहरवासी खुले में या सड़क के किनारे डाल जाते है, जिसको लेकर नगर निगम ने एक अहम कदम उठाया है। निगमायुक्त नीरज ने बताया कि जो भी सी एंड डी वेस्ट शहर से निकलता है उसे नगर निगम उठाएगा जिसका एक ट्रॉली का चार्ज 700 रुपये होगा। उन्होंने बताया कि 700 रुपये में सी एंड डी वेस्ट लोडिंग, ले जाना और नगर निगम द्वारा चयनित जगह पर अनलोडिंग करना रहेगा।

### खुले में कचरा डालने पर 12 दुकानदारों के चालान

**हिसार।** निगमायुक्त नीरज के आदेशानुसार और संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल के दिशा निर्देश पर शुक्रवार को चेकिंग के दौरान स्वच्छता शाखा की टीम ने ऑटो मार्केट व सिरसा चुंगी क्षेत्र में दुकानदारों व रेहड़ी संचालकों के 12 चालान किए। टीम ने अनुसार दुकानदारों व रेहड़ी संचालकों के द्वारा खुले में कचरा डाला जा रहा था। जिस पर टीम ने कार्रवाई करते हुए उनके चालान किए।

### छात्राओं को साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक

**हांसी।** महिला पुलिस की जागरूकता टीम ने शुक्रवार को एसडी महिला महाविद्यालय की छात्राओं व कालेज स्टाफ को साइबर क्राइम, गुड टच बैड टच व महिला विरुद्ध होने वाले अपराधों के बारे में जागरुक किया। महिला पुलिस की एएसआई सुनीता ने छात्राओं को सेल्फ डिफेंस, नशा मुक्ति, डायल 112 बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### अध्यापक संघ नामांकन अभियान चलाएगा

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की अग्रोहा ब्लॉक की मीटिंग ब्लॉक प्रधान नरेंद्र कुमार लोरा की अध्यक्षता में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, अग्रोहा में हुई। ब्लॉक प्रधान नरेंद्र कुमार लोरा ने बताया कि मीटिंग में निर्णय लिया गया कि अध्यापक संघ द्वारा ब्लॉक अग्रोहा में अभिभावकों के सहयोग से नामांकन अभियान चलाएगा।

एएआई, नागरिक उड्डयन मंत्रालय, एलायंस एयर के उच्चाधिकारियों ने किया निरीक्षण

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट पर प्रस्तावित दौरे की तैयारियां तेज



**हिसार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर होने वाली रैली के लिए एयरपोर्ट गेट के पास टैंट लगाने में लगे मजदूर। *फोटोः हरिभूमि*

### एयरपोर्ट पर एंट्री से लेकर उड़ान भरने तक के सभी सुरक्षा मानकों को बारीकी से देखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 14 अप्रैल को महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट पर प्रस्तावित दौरे को लेकर शुक्रवार को एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, नागरिक उड्डयन मंत्रालय हरियाणा तथा एलायंस एयर एविएशन लिमिटेड के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से एयरपोर्ट परिसर का दौरा किया।

इस दौरान उच्चाधिकारियों ने एयरपोर्ट से जुड़े हर सुरक्षा मानकों को स्वयं चैक किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एयरपोर्ट परिसर में एंट्री व हवाई जहाज के उड़ान भरने से लेकर सभी जरूरी मानकों को स्वयं बारिकी से जांचा। इतना ही नहीं उन्होंने एयरपोर्ट परिसर में दमकल स्टेशन का भी निरीक्षण करते हुए अपडेट लिया। उधर, वन्य प्राणी विभाग की ओर से सर्च अभियान जारी है। 3 और जानवरों को एयरपोर्ट परिसर से रेस्कयू किया गया। उधर, एयरपोर्ट गेट के साथ लगते खाली मैदान में पीएम की रैली को देखते भव्य टैंट लगाने का कार्य शुरू हो चुका है।



**हिसार।** डीएफओ वीरेंद्र गोदारा के नेतृत्व में एयरपोर्ट परिसर से जानवरों को रेस्क्यू करते कर्मचारी व सर्च अभियान में पकड़े गए जानवर के साथ टीम।

#### ड्रोन से ली जा रही मदद

एयरपोर्ट परिसर में वन्य प्राणियों को पकड़ने के लिए वन्य प्राणी विभाग की तरफ से लगातार सर्च अभियान जारी है। प्रदेश के छह जिलों के वन्य प्राणी विभाग के कर्मचारियों के साथ ही प्राइवेट व्यक्तियों की भी मदद ली जा रही है। डीएफओ वीरेंद्र गोदारा के अनुसार शुक्रवार को एयरपोर्ट परिसर से 3 जानवरों को रेस्कयू किया गया है। इनमें दो ब्लू बुल तथा एक जंगली सुअर शामिल है। उन्होंने संभावना जताई कि अभी भी कुछ और जानवर एयरपोर्ट परिसर में हो सकते हैं। इसके लिए ड्रोन की भी मदद ली जा रही है। विभाग का एयरपोर्ट परिसर से जानवरों को पकड़ने का अभियान डे-नाइट जारी है। बता दें कि चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के समय भी वन्य प्राणी विभाग की टीम ने एयरपोर्ट परिसर से जानवरों को पकड़ने का अभियान चलाया था। उस दौरान 28 जानवर के अलावा 5-6 कुत्तों को पकड़ा गया था।

### नगर निगम ने बनाई ग्रीनरी व वन्य जीवों पर बेहतरीन पेटिंग



**हिसार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हिसार आगमन को देखते हुए नगर निगम के सौन्दर्य व अन्य कार्य जोरों से चल रहे है। इसी कड़ी नगर निगम द्वारा बरवाला चुंगी स्थित चौक फ्लाईओवर के नीचे बेहतरीन पेटिंग करवाई गई है जो आकर्षकण का केन्द्र रहेगी। पेटिंग में मुख्य रूप से ग्रीनरी व वन्य जीवों को दर्शाया गया है। निगमायुक्त नीरज ने बताया कि शहर में अलग-अलग स्थानों पर वॉल पेटिंग की जाएंगी। इन पेटिंग का बनवाने का मुख्य उदेश्य स्वच्छता के संदेश देना, वन्य जीवों की रक्षा करने के संदेश देना है।

#### उड़ान सेवाओं के लिए शेड्यूल को मंजूरी

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने हिसार एयरपोर्ट से अयोध्या के लिए उड़ान सेवाओं के शेड्यूल को मंजूरी दे दी है। अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 अप्रैल को अयोध्या के लिए उड़ने वाले 72 सीटर विमान को हरी झंडी दिखाएंगे। सिर्फ दो घंटे में हिसार से अयोध्या पहुंच जाएंगे। शेड्यूल के अनुसार विमान सुबह 10.40 बजे अयोध्या के लिए उड़ान भरेगा और 12:40 पर विमान अयोध्या पहुंच जाएगा। हिसार एयरपोर्ट अयोध्या के अलावा दिल्ली से भी सीधा जुड़ जाएगा। अयोध्या के लिए जाने वाला विमान सुबह दिल्ली से हिसार आएगा। हालांकि अभी ये तय नहीं हुआ है कि लोगों को फ्लाइट लेने के लिए कितने घंटे पहले एयरपोर्ट पर पहुंचना होगा। बताया जा रहा है कि जयपुर, जम्मू, अहमदाबाद और चंडीगढ़ की फ्लाइट का समय भी जल्द निर्धारित हो जाएगा। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन विपिन कुमार ने प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए उनके हिसार में हवाई जहाज उतरने से लेकर हेलीकॉप्टर से यमुनानगर रवाना होने तक पूरे शेड्यूल व सुरक्षा को लेकर जानकारी ली। उन्होंने एयरपोर्ट पर जगह भी देखी।



**हिसार।** अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते निगमायुक्त नीरज। *फोटोः हरिभूमि*

## नगर निगम के आयुक्त ने अफसरों के साथ की बैठक

- सफाई व सौंदर्यीकरण के कार्यो में अपनी अहम भागदारिता दें

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हिसार के आगमन की तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में नगर निगम के मुख्य सभागार में निगमायुक्त नीरज की अध्यक्षता में अधिकारियों के साथ बैठक हुई। इस दौरान नगर निगम के कार्यो पर विस्तार चर्चा हुई। निगमायुक्त ने सभी अधिकारियों को आदेश दिए कि किसी भी कार्य में कोताही न बरतें। विशेषकर सफाई व सौन्दर्यकरण के कार्यो में अपनी अहम भागदारिता दें।

अधिकारियों को आदेशित किया कि शहर में बने सभी सेकडरी प्वाइंटों को प्रतिदिन सफाई को सुनिश्चित करें तथा लोकेशन सहित पहले और अब की फोटोग्राफ उपलब्ध करवाएं। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के लिए उन्होंने कहा कि शहर में डोर-टू-डोर पूर्ण रूप से होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को शहर के मुख्य चौक, चौराहों, मार्केट की सड़कों की सफाई रोड़ स्वीपिंग मशीनों के द्वारा सुनिश्चित करें। बेसहारा पशु पकड़ने को लेकर उन्होंने केटल केच्चर टीम को आदेशित किया कि टीम प्रतिदिन पशु को पकड़ने के स्थान पशु की संख्या की जानकारी कार्यालय में भेजे।

#### सौंदर्यीकरण व स्वच्छता के कार्य की करें रिपोर्ट

मीटिंग को सम्बोधित करते हुए निगमायुक्त नीरज ने सभी अधिकारियों को आदेशित किया कि 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री का हिसार हवाई अड्डे पर आयोजित कार्यक्रम को ध्यान रखते हुए उससे पूर्व शहर के सौन्दर्यकरण व स्वच्छता के कार्य को निरंतर करके रिपोर्ट दें। जो कार्य सौंपा जा रहा वो उस कार्य को बखूबी निभाएं। उन्होंने कहा कि वे स्वयं सभी अधिकारियों के कार्यो का निरीक्षण प्रतिदिन करेंगे।

#### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल, संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल सिंह, अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा, उप-निगमायुक्त वीरेन्द्र सहारण, एक्सईएन संदीप सिहाग, एक्सईएन संदीप धुंधवाल, एक्सईएन अमित कौशिक, एक्सईएन जयबीर डूडी, एमई संदीप बेनीवाल, एमई कर्मपाल सिंधू, एई सुमित, एमई सुनील लाम्बा, सीएसआई राजकुमार, जेई कुशल, जेई संदीप काजल, जेई संदीप नुनाच, जेई मंदीप, जेई मनजीत, जेई अंकुर, जेई कुलदीप, जेई प्रवीन चौहान, जेई प्रवीन कुमार, एएसआई रोहित व कपिल, यूनियन प्रधान सुरेन्द्र, कार्यालय सहायक सुरेन्द्र वर्मा मौजूद रहे।

## बस की टक्कर से युवक की मौत

- दूसरी बस को ओवरटेक करने के चक्कर में रोडवेज बस ने दीपक को मारी सीधी टक्कर
- मृतक युवक प्रतियोगी परीक्षाओं की कर रहा था तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नारनौंद

हांसी-चंडीगढ़ सड़क मार्ग पर नारनौंद में शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार से आ रही हरियाणा रोडवेज की बस सड़क किनारे खड़े एक युवक को कुचल डाला। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। चालक बस को छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हांसी भेजा है।

परिजनों के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मृतक की पहचान वार्ड नंबर एक निवासी 19 वर्षीय दीपक के रूप में हुई है। वह अविवाहित था। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। शुक्रवार सुबह दीपक करीब 9 बजे वह अपने बड़े भाई विक्रम उर्फ विक्की से मिलने जींद रोड स्थित ऑटो मार्केट के पास आया था। दोनों भाई होली फील्ड स्कूल के पास सड़क किनारे खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान हांसी की ओर से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने दूसरी बस को ओवरटेक करने के चक्कर में कट मारते हुए दीपक को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दीपक बस के आगे गिर गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक ने उसे बचाने की कोशिश नहीं की और बस चढ़ा दी। राहगीरों की मदद से दीपक को नारनौंद नागरिक अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए हांसी के सामान्य अस्पताल में भेज दिया है। नारनौंद थाना प्रभारी बलवान सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हांसी के नागरिक अस्पताल भिजवाया है।



**नारनौंद।** घटनास्थल पर खड़े ग्रामीण। *फोटोः हरिभूमि*

### जेई व चचेरे भाई को वाहन ने मारी टक्कर

**हांसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गांव ढाणा कलां के समीप शुक्रवार सुबह मार्निंग वॉक के लिए निकले दो चचेरे भाइयों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों भाई घायल हो गए।

राहगीरों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। घायलों की पहचान ढाणा कलां निवासी बिजली निगम में कार्यरत जेई श्याम सुंदर व उसके चचेरे सुनील शामिल है। जेई श्याम सुंदर ने बताया कि वह हांसी बिजली निगम में जेई के पद पर कार्यरत है। सुबह अपने चाचा के लड़के सुनील के साथ सैर के लिए गांव ढाणा कलां से राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामपुरा गांव की तरफ जा रहे थे। जब वे रामपुरा गांव के मोड़ के नजदीक पहुंचे तो हांसी की ओर से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने दोनों को पीछे से टक्कर मार दी। इससे दोनों भाई बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। पास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे।

## एचएयू और बीआईएस में करार

- समझौते को कृषि और उद्योग जगत के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने भारतीय मानक ब्यूरो (ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड बीआईएस) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा वस्तुओं, लेखों, प्रक्रियाओं, प्रणालियों और सेवाओं के सामंजस्यपूर्ण, मानकीकरण, अनुरूपता, मूल्यांकन व गुणवत्ता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज की उपस्थिति में भारतीय मानक ब्यूरो से डिप्टी डायरेक्टर जनरल (नॉर्थ) स्नेहलता ने जबकि विश्वविद्यालय से कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने हस्ताक्षर किए। कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने इस समझौते को कृषि और उद्योग जगत के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

यह एमओयू कृषि क्षेत्र में गुणवत्ता और कृषि उत्पादों को मानक प्रदान करने को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सहायक सिद्ध होगा। डिप्टी डायरेक्टर स्नेहलता ने बताया कि सेमिनार, कार्यशाला और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से दोनों संस्थानों के बीच ज्ञान का आदान-प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर भारतीय मानक ब्यूरो की तरफ से डॉ. के. रमेश, डॉ. नवीता यादव, विश्वविद्यालय से ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. रमेश यादव, डॉ. रेणू मुंजाल, आईपीआर सेल के प्रभारी डॉ. योगेश जिंदल, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य व डॉ. अनुराग उपस्थित रहे।



**हिसार।** कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज एमओयू अधिकारियों के साथ।

## एचएसवीपी के अवैध मांग नोटिस पर लगाई रोक

- सेक्टर 16-17 व 13 के निवासियों को मिली बड़ी राहत
- सेक्टर वासियों की तरफ़ से एडवोकेट विक्रम ने की पैरवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

सिविल जज सचिन सिंघल की अदालत ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के उस चौथे संशोधित मांग नोटिस (अक्टूबर 2024) को चुनौती देने वाले मामले में ऐतिहासिक आदेश सुनाया है। इसमें सेक्टर 16-17 व 13 पार्ट-2 के निवासियों से 4424.62 रुपये प्रति वर्ग मीटर की अतिरिक्त वसूली की मांग की गई थी।

अदालत ने एचएसवीपी को इस नोटिस के आधार पर किसी भी वसूली, प्लॉट बहाली या सेवाएं रोकने से प्रतिबंधित कर दिया है। साथ ही पोर्टल पर दर्शाई गई बकाया राशि के आधार पर संपत्ति संबंधी सेवाओं से इनकार करने पर भी रोक लगाई है। यह आदेश तब आया है जब वादीगण के वकील विक्रम पंघाल ने साबित किया कि हाईकोर्ट के तीन रिटायर्ड जजों की यह मांग खुला उल्लंघन है जिसमें पुलिस स्टेशन जैसी सुविधाओं की लागत और ब्याज माफी का स्पष्ट प्रावधान है। अदालत ने माना कि इस नोटिस के कारण निवासियों को संपत्ति का उपयोग करने में असमर्थता जैसी अपूरणीय क्षति हो रही है।



एडवोकेट विक्रम पंघाल।

मुख्यमंत्री करेंगे प्रदेश स्तरीय साइक्लोथॉन अभियान का शुभारंभ

# नशा मुक्त हरियाणा अभियान का आगाज आज

- डीसी यादव व एसपी सावन ने तैयारियों की समीक्षा की, दिए आश्वयक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

हरियाणा से नशे के खात्मे के लिए शनिवार को हिसार से प्रदेश स्तरीय नशा मुक्त हरियाणा साइक्लोथॉन 2.0 अभियान की शुरुआत की जाएगी। इस जागरूकता अभियान का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करेंगे।

नशा मुक्त हरियाणा साइक्लोथॉन 2.0 अभियान के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गेट नंबर एक से फ्लेचर भवन (एचएयू प्रशासनिक ब्लॉक) का मार्ग चुना गया है। जिला प्रशासन द्वारा राज्य स्तरीय साइक्लोथॉन के आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शुक्रवार को डीसी अनीश यादव व पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के साथ समारोह स्थल का दौरा भी किया और तैयारियों की समीक्षा की। यात्रा हिसार से भिवानी की ओर बढ़ेगी और लाडवा, सुल्तानपुर, उमरा, रतेरा, ढाणी किरवार, तोशाम, सागबान व बापोड़ा होते हुए आगे बढ़ेगी। हिसार से शुरू होने वाली यह यात्रा 27 अप्रैल तक चलेगी और राज्य के विभिन्न जिलों से गुजरते हुए सिरसा में समाप्त होगी।



**हिसार।** समारोह स्थल का दौरा करते उपायुक्त अनीश यादव व पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन। *फोटोः हरिभूमि*

#### साइक्लोथॉन एक सामाजिक क्रांति की शुरुआतः डीसी

उपायुक्त अनीश यादव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह साइक्लोथॉन महज एक खेल या इवेंट नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक क्रांति की शुरुआत है, जिसमें हजारों की संख्या में युवा, छात्र, पुलिस, सेना, एनसीसी, एनएसएस और समाज के अन्य वर्गों से लोग भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन हरियाणा को नशा मुक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा।

#### साइक्लिस्ट का आंकड़ा 43 हजार पार

उपायुक्त ने बताया कि अब तक इस साइक्लोथॉन में जिले से 43 हजार से अधिक साइक्लिस्ट जुड़ चुके हैं और जिले मे आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। लोगों की यह सहभागिता हमें रिकॉर्ड की दिशा में ले जा रही है। शनिवार का आयोजन पूरे प्रदेश में एक नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार करेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी एवं हांसी एसडीएम राजेश खोथ, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त प्रीतपाल सिंह, नगराधीश हरिराम सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्धेश्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। सुभाष फौजी, अमित ढुल, नवीन पुनिया प्रसिद्ध गायक अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करेंगे।



पृथ्वी सूर्य के चारों ओर 29 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से चक्कर लगा रही है।



धरती से अगर चन्द्रमा गायब हो जाए तो पृथ्वी पर एक दिन महज छह घंटे का होगा।

# प्रकृति प्रेमी हैं तो वन सेवा में ऑफिसर अच्छा करियर विकल्प



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

भारतीय वन सेवा का पद भारत की अखिल भारतीय सेवाओं में से एक है। अगर आपका भी सपना है कोई अच्छे पद पर सरकारी जॉब करने का तो आपके लिए आईएफएस एक बढ़िया ऑप्शन हो सकता है। आईएफएस एक ऐसी सरकारी जॉब है जिसमे आप अपना बेहतरीन करियर बना सकते हो। यह लेख पड़ने के बाद आप यह अच्छे से समज सकेंगे कि आईएफएस ऑफिसर कैसे बने और आईएफएस का फुल फोर्म क्या होता है। आईएफएस बनने के लिए क्या क्या योग्यता होनी चाहिए। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें आपको काफी मेहनत करनी पड़ेगी। हालांकि यह करियर बनाने का एक बेहतरीन क्षेत्र है।

## क्या होता है इंडियन फॉरेस्ट सर्विस

इंडियन फॉरेस्ट सर्विस (आईएफएस ) जिसे हिंदी में भारतीय वन सेवा के पद के नाम से जाना जाता है और यह भारत की अखिल भारतीय सेवाओं में से एक है। जैसे कि आईएसएस, आईपीएस और आईएफएस। आईएफएस को 1966 में अखिल भारतीय सेवा अधिनियम 1951 के तहत भारत सरकार द्वारा गठित किया गया। जैसे कि नाम से ही पता चलता है फॉरेस्ट ऑफिसर का काम जंगलों की देखरेख करने से लेकर जंगलों की अवैध कटाई पर रोक लगाने का होता है। अब तो वन विभाग सेक्टर में काफी बदलाव भी आ रहे है जैसे कि इसमें बहुत ज्यादा नौकरियां निकलने लगी है और वन विभाग में अफसर होना कोई छोटी बात नहीं है और इसमें सैलरी पैकेज भी काफी अच्छा रहता है। आईएफएस यानी कि इंडियन फोरेस्ट सर्विस की नियुक्ति एक वन रक्षक के रूप में होती है जिसमे आपको देश की सेवा करने का मौका भी मिलता है। आईएफएस की जॉब में एक शानदार भविष्य की कामना कर सकते है।

## जरूरी योग्यताएं

आईएफएस बनने के लिए आपको सबसे पहले इसके एग्जाम की पतैयारी पर पूरा ध्यान देना होगा। अगर आप नहीं जानते है कि आईएफएस की तैयारी कैसे करे तो घबराइए मत हम आपको पूरा प्रोसेस शेयर करेंगे। आईएफएस के पद पर कार्यरत होने के लिए आपको आईएफएस का एग्जाम पास करना जरुरी होता है इसके बाद ही हम इस पद के अधिकारी बन सकते है। आईएफएस के लिए क्या योग्याएं होनी चाहिए चलो जानते है।

### ये है आयु योग्यता

अगर आप इंडियन प्रेस ऑफिसर बनना चाहते हैं तो आपकी न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष और अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष होनी अनिवार्य है। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग जैसे ओबीसी , एससी, एसटी और ईडब्ल्यूएस आदि कैंडिडेट के लिए आयु सीमा में छूट का प्रावधान मिलता है।

### स्नातक की डिग्री जरूरी

फोरेस्ट विभाग में ऑफिसर बनने के लिए शैक्षिक योगयता में उमीदवार को किसी एक विषय में स्नातक डिग्री होना जरुरी है। जैसे कि गणित, जीव विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, पशु चिकित्सा विज्ञान, पशुपालन इंजीनियरिंग, वानिकी, वनस्पति विज्ञान, कृषि सांख्यिकी अदि में किसी भी सब्जेक्ट में ग्रेजुएट है तो आप फोरेस्ट ऑफिसर बनने के लिए अप्लाई कर सकते हो।

## पास करनी होगी परीक्षा

भारतीय वन अधिकारी बनने के लिए आपको तीन चरणों को क्लियर करना होता है जिसके बाद आईएफएस बन सकते हैं।

**प्राथमिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार**

इन तीनों राउंड में से सबसे पहले आपका प्री एग्जाम होता है जो ऑब्जेक्टिव टाईप रहता है और प्री एम्जाम को पास कर लेने के बाद आप मेन्स एग्जाम में बैठने के योग्य होते हैं। और मुख्य परीक्षा आपकी सब्जेक्टिव यानी कि इसमें विस्तार से प्रश्न पूछे जाते हैं। प्री और मेन्स परीक्षा पास कर लेने के बाद आखिर में कैंडिडेट्स को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है जो के फाइनल स्टेप होता है। इस इंटरव्यू को क्लीयर कर लेने के बाद कैंडिडेट्स को फाइनली ट्रेनिंग के लिए भेजा जाता है।

### मुख्य काम

वन विभाग और वन मंत्रालय की जानकारी के लिए जंगल के पेड़ पौधों, जीव जंतुओं से जुड़ा सर्वे करना, कागजी कार्यवाही करना और रिपोर्ट तैयार करना। भेड़, बकरियों व अन्य सभी पालतू जानवरों को वन भूमि पर चरने से रोकना। घायल जीव जंतुओं और पक्षियों को चिकित्सा सहायता देना या उन्हें ऐसे जगह पहुंचाना जहां वे ठीक हो सके और सुरक्षित रहें। जंगल में अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाना ताकि जंगल का विकास हो सके। शिकारियों को शिकार ना करने देना, अवैध रूप से काटी गई लकड़ी या शिकार किए गए जानवरों या जानवरों के अंगों को जब्त करना।

### सैलरी

आईएफएस अफसर के बारे सभी जानकारी जानने के बाद अब हमारे मन में आखरी और महत्वपूर्ण सवाल होता है कि आखिर इतनी मेहनत करने के बाद आईएफएस की सैलरी क्या होगी। तो हम आप को बता दें कि आईएफएस अफसर को सैलरी काफी अच्छी मिलती है और उसमे समय समय पर इजाफा भी होता है। आईएफएस के पद में 15600 रु प्रति माह से लेकर 40000 रु प्रति माह वेतन देह होता है और 5400 रु ग्रेड पे भी मिलती है। आईएफएस के पद में कई सारे भत्ते अदि भी मुहैया कराये जाते हैं।

---

**यह पेशा रुतबे के साथ-साथ अच्छा पैसा कमाने का भी देता है मौका**

# ट्रेंड फोरकास्टर बन बाजार की नीतियों को पहचानें और बनाएं शानदार करियर

**डॉ. मोहित बंसल**

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



**उद्योगों के भविष्य को समझने में करता मदद**

अगर आप भी एक नए करियर विकल्प को अपनाना चाह रहे हैं तो आपके लिए ट्रेंड फोरकास्टर बनना एक अच्छा करियर विकल्प हो सकता है। इस पेशे में रुतबे के साथ-साथ अच्छा पैसा कमाने का भी मौका मिलता है। अगर आपको बदलते फैशन, बाज़ार की नीतियों, सामाजिक प्रवृत्तियों को समझने और भविष्यवाणी करने में रुचि है, तो ट्रेंड फोरकास्टर एक बेहतरीन करियर विकल्प है। यह पेशा आपको उद्योगों के भविष्य को समझने और नई संभावनाओं को खोजने का अवसर देता है। ट्रेंड फोरकास्टिंग मुख्य रूप से फैशन, टेक्नोलॉजी, बिजनेस, मार्केटिंग और सांस्कृतिक रुझानों का विश्लेषण करके कंपनियों को आने वाले बदलावों के लिए तैयार करने में मदद करता है। ट्रेंड फोरकास्टिंग में गहरी रिसर्च, उपभोक्ताओं के व्यवहार का विश्लेषण, और डिजिटल टूल्स का उपयोग करके भविष्य के ट्रेंड्स को पहचानने की आवश्यकता होती है। यह पेशा न केवल रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देता है, बल्कि विभिन्न उद्योगों में कंपनियों की रणनीतियों को भी आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। चाहे वह फैशन डिजाइनर हों, मार्केटिंग टीमें हों, या निवेशक, सभी ट्रेंड फोरकास्टर्स की भविष्यवाणियों पर भरोसा करते हैं ताकि वे प्रतिस्पर्धा में आगे रह सकें।



Pexels/Los Muertos Crew

### ट्रेंड फोरकास्टर क्या है



ट्रेंड फोरकास्टर का मुख्य कार्य भविष्य के ट्रेंड्स की पहचान और विश्लेषण करना होता है। वे विभिन्न डेटा, उपभोक्ता व्यवहार, बाजार की स्थितियों और सामाजिक बदलावों का अध्ययन करके आने वाले महीनों या वर्षों में संभावित रुझानों की भविष्यवाणी करते हैं।

### तेजी से बढ़ता हुआ करियर

ट्रेंड फोरकास्टिंग एक रोमांचक और तेजी से बढ़ता हुआ करियर है। यदि आपको मार्केटिंग, फैशन, टेक्नोलॉजी और उपभोक्ता व्यवहार की गहरी समझ है और आप नई चीज़ों की भविष्यवाणी करने में रुचि रखते हैं, तो यह क्षेत्र आपके लिए बेहतरीन साबित हो सकता है।

### ट्रेंड फोरकास्टिंग के प्रमुख क्षेत्र

- फैशन ट्रेंड फोरकास्टिंग : आगामी कपड़ों की शैलियों, रंगों, और डिज़ाइनों की भविष्यवाणी करना।
- बिजनेस और मार्केटिंग फोरकास्टिंग: उपभोक्ताओं के व्यवहार और खरीदारी के रुझानों को समझना।
- टेक्नोलॉजी ट्रेंड फोरकास्टिंग: नई तकनीकों और डिजिटल परिवर्तनों की भविष्यवाणी करना।
- सांस्कृतिक और सामाजिक ट्रेंड्स: समाज में होने वाले बदलावों और उनकी दिशा को समझना।
- ब्यूटी और लाइफस्टाइल फोरकास्टिंग: स्किनकेयर, मेकअप और हेल्थ से जुड़े रुझानों की पहचान।

### वेतन और संभावनाएं

ट्रेंड फोरकास्टिंग में वेतन निजी और सरकारी क्षेत्रों में भिन्न हो सकता है। निजी कंपनियों में, एक शुरुआती ट्रेंड। इसमें अनुभव के आधार पर भी वेतन निर्भर करता है। जितना अच्छा आपका अनुभव होगा उतना ही आप कमाई कर पाएंगे।

फोरकास्टर को 40,000 रुपये से 60,000 रुपये प्रति माह मिल सकता है, जबकि अनुभवी पेशेवरों का वेतन 1,50,000 रुपये से 3,00,000 प्रति माह तक हो सकता है। शीर्ष स्तर के ट्रेंड फोरकास्टर्स को डेलॉयट, बीसीजी, नीलसन, और मैकिन्से जैसी कंपनियों में आकर्षक पैकेज मिलते हैं।

-सरकारी संगठनों जैसे भारतीय कपड़ा मंत्रालय, राष्ट्रीय उत्पादकता परिषद, और भारत सरकार के उपभोक्ता मामलों के विभाग में भी ट्रेंड विश्लेषकों की मांग रहती है, जहां वेतन 50,000 रुपये से 1,20,000 रुपये प्रति माह तक हो सकता है। फ्रीलांस ट्रेंड फोरकास्टर्स भी क्लाइंट-बेस्ड मॉडल पर अच्छी कमाई कर सकते हैं।

### शिक्षा और योग्यता

ट्रेंड फोरकास्टर बनने के लिए किसी विशेष डिग्री की आवश्यकता नहीं होती, लेकिन निम्नलिखित विषयों में शिक्षा आपके लिए फायदेमंद हो सकती है

**फैशन, टेक्नोलॉजी, बिजनेस, मार्केटिंग और सांस्कृतिक रुझानों का विश्लेषण करना होगा**

**कंपनियों को आने वाले बदलावों के लिए तैयार करने में करता है मदद**

### प्रमुख कोर्स और संस्थान

- फैशन डिजाइन और मर्चेंडाइजिंग–नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी), पर्ल अकादमी।
- मार्केटिंग और बिजनेस स्टडीज़–भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), दिल्ली विश्वविद्यालय।
- मीडिया और कम्युनिकेशन–जामिया मिल्लिया इस्लामिया, एमिटी यूनिवर्सिटी।
- डेटा एनालिटिक्स और सांख्यिकी–इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टीट्यूट।
- साइकोलॉजी और सोशियोलॉजी–जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (टीअरईएसएस)

### प्रमुख कौशल

एक सफल ट्रेंड फोरकास्टर बनने के लिए निम्नलिखित कौशल आवश्यक होते हैं।

- बाज़ार और उपभोक्ता व्यवहार की समझ– उपभोक्ता की पसंद और प्रवृत्तियों को समझने की क्षमता।
- डेटा विश्लेषण– सांख्यिकी और एनालिटिक्स टूल्स (एक्सल, पायथन, आर) का ज्ञान।
- क्रिएटिव और आलोचनात्मक सोच–नए रुझानों को पहचानने और उनकी व्याख्या करने की क्षमता।
- डिजिटल मार्केटिंग का ज्ञान–सोशल मीडिया ट्रेंड्स व ऑनलाइन उपभोक्ता व्यवहार का विश्लेषण।
- संचार और प्रस्तुति कौशल– अपनी रिपोर्ट और निष्कर्षों को स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने की क्षमता।

### करियर के अवसर

- फैशन कंपनियां– ज़ारा, एचएंडएम, लुई वुइटन, सब्यसाची
- मार्केट रिसर्च फर्म्स – नीलसन, मैकिन्से, बीसीजी
- टेक्नोलॉजी और इनोवेशन कंपनियां– गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, ऐप्पल
- सोशल मीडिया और डिजिटल एजेंसियां– ओगिल्वी, डब्ल्यूपीपी ग्रुप
- स्वतंत्र कंसल्टेंसी– कई ट्रेंड फोरकास्टर स्वतंत्र रूप से भी काम करते हैं।

### करियर काउंसलर से सलाह लें

*किसी भी करियर को चुनने से पहले करियर काउंसलर से सलाह लेना फायदेमंद होता है, ताकि आप अपनी रुचियों और क्षमताओं के अनुसार सही निर्णय ले सकें। अधिक जानकारी के लिए आप www.careerjaano.com पर विजिट कर सकते हैं।*

---

# जीवन में सफलता हासिल करने के लिए सही रणनीति की आवश्यकता



मोटिवेशनल

**डॉ. राजेश के. पिलानिया**

प्रोफेसर, मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम

हम जीवन में सफल होने और एक आशाजनक करियर बनाने की आकांक्षा रखते हैं। यह एक अच्छी आकांक्षा है। इसे साकार करने के लिए, किसी को सही रणनीति की आवश्यकता होती है-एक ऐसी रणनीति जो न केवल एक सफल करियर का मार्ग प्रशस्त करे बल्कि यह भी सुनिश्चित करे कि हम इस यात्रा में अपनी सेहत और रिश्तों को बनाए रखें और यात्रा का आनंद लें। यहाँ एक सफल करियर के लिए सात चरणों की रणनीति दी गई है। यदि आप किसी विशेष क्षेत्र में पर्याप्त मात्रा में प्रयास करते हैं, तो किसी दिन आप निश्चित रूप से अपने करियर में सफलता हासिल करेंगे।

## काम करने की गहरी इच्छा जरूरी

सवाल यह है, क्या आप वास्तव में वह काम करना चाहते थे? क्या आपके पास उस काम को करने की गहरी इच्छा है? यदि जवाब नहीं है, तो वह विशेष काम आपके लिए नहीं है। यह खोजने की कोशिश करें कि आप वास्तव में क्या करना चाहते हैं; घंटों काम करने के बाद, क्या चीज आपको और काम करने के लिए अधिक उत्साहित करती है?

**एक योजना बनाएं** : 'सपने देखने वाले' और 'सफलता पाने वाले' के बीच एक पतली रेखा होती है: 'योजनाबद्धता'। योजनाबद्धता एक व्यक्ति के जीवन का सबसे आवश्यक हिस्सा है। हर काम के लिए एक योजना बनाएं जो आप करना चाहते हैं, हर लक्ष्य के लिए जो आप हासिल करना चाहते हैं। लक्ष्य के 'क्यों' और 'क्या' को खोजें और उसी के अनुसार एक अनुशासित योजना बनाएं।

**योजना का पालन करें** : 'योजनाबद्धता' को सही मार्ग पर लागू करने की इच्छा के साथ पालन करना होगा, जो सफलता की ओर ले जाता है। जब आप एक योजना के साथ काम करते हैं, तो तीव्र परिवर्तन होता है।

**अपने संसाधनों को आवंटित करें** : हर संसाधन के पहलू का उचित तरीके से उपयोग करना एक बहुत बड़ा अंतर पैदा करता है, क्योंकि समय एक सीमित संसाधन है, और अवसर एक सीमित समय अवधि के साथ आते हैं, इसलिए अपने समय को पुरस्कृत प्रयासों पर लाना संसाधन प्रबंधन का मुख्य हिस्सा है।

## कार्य में जीवन संतुलन बनाए रखें

जब आप अपने करियर बनाने के मार्ग पर हों, तो जीवन को नजरअंदाज न करना आवश्यक है। यह महत्वपूर्ण है कि जीना बंद न करें। अपनी योजना और संसाधन आवंटन में, कुछ ब्रेक-टाइम रखें ताकि आप आराम कर सकें, अपनी सेहत का ध्यान रख सकें, और अपने रिश्तों का ध्यान रख सकें। अच्छी सेहत और अच्छे रिश्तों के बिना सफलता खोखली और अर्थहीन है।

**नियमित साप्ताहिक और मासिक मूल्यांकन, प्रतिक्रिया और सीख बनाए रखें** : अपनी प्रगति पर नज़र रखने से आपको उन बाधाओं के जवाब मिलते हैं, जो आपके लक्ष्यों और उपलब्धियों के बीच आ रही हैं। प्रयासों और निर्णयों का साप्ताहिक और मासिक मूल्यांकन रखना काम के प्रति विचार प्रक्रिया को विस्तार देता है।

**इस यात्रा का आनंद लें** : एक सफल करियर की यात्रा मांगलिक और चुनौतीपूर्ण होती है। इस प्रक्रिया का आनंद लेना आवश्यक है। यह महत्वपूर्ण है कि असफलताओं को दिल से न लें; इसके बजाय, असफलता से जो सीख मिलती है उसे लें और सुधार करें, और फिर से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें।

**लेखक** : डॉ. राजेश के. पिलानिया मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम में प्रोफेसर हैं। उन्होंने भारत में खुशी पर अग्रणी कार्य किया है और उन्हें भारत के **Happiness** प्रोफेसर और भारत के **Happiness** गुरु के रूप में लोकप्रिय रूप से जाना जाता है। उन्होंने दुनिया भर में लाखों लोगों के साथ खुशी के अंतर्दृष्टि साझा किए हैं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** रेडियोधर्मिता की खोज किसने की थी ?
(ए) रदरफोर्ड
(बी) हेनरी वेक्वेरेल
(सी) रोएंटजेन
(डी) आइन्स्टाइन

**2.** रेडियो सक्रियता किसका गुण है
(ए) इलेक्ट्रॉन का
(बी) प्रोटॉन का
(सी) न्यूट्रॉन का
(डी) नाभिक का

**3.** रेडियोसक्रिय परिवर्तन में भाग लेता है
(ए) परमाणु के संयोजी इलेक्ट्रॉन
(बी) परमाणु के कोर इलेक्ट्रॉन
(सी) परमाणु के नाभिक
(डी) इनमे से कोई नहीं

**4.** किसी परमाणु के स्थाई नाभिक में प्रोटॉनो की संख्या होती है
(ए) न्यूट्रॉन की संख्या के बराबर
(बी) न्यूट्रॉन की संख्या से अधिक
(सी) न्यूट्रॉन की संख्या से कम
(डी) इसमे से कोई नहीं

**5.** रेडियोधर्मिता की यूनिट है
(ए) ऐंग्स्ट्रॉम
(बी) कैंडेला
(सी) फर्मी
(डी) क्युरी

**6.** रेडियोधर्मी तत्व किसका उत्सर्जन करती है
(ए) पराबैंगनी किरणों का
(बी) $\alpha$ , $\beta$ तथा $\gamma$ विकिरण
(सी) रेडियो तरंगे
(डी) अवरक्त तरंगे

**7.** अल्फा और $\beta$ किरणों की खोज किसने की थी
(ए) डॉल्टन
(बी) रौंटजन
(सी) रदरफोर्ड
(डी) विलार्ड

**8.** किस वज्ञानिक ने $\gamma$ किरणों की खोज की
(ए) विलार्ड ने
(बी) रदरफोर्ड
(सी) रौंटजन
(डी) डॉल्टन

**9.** निम्न में कौन रेडियोसक्रिय किरण हीलियम नाभिक के समकक्ष होता है
(ए) $\alpha$ किरण
(बी) $\beta$ किरण
(सी) $\gamma$ किरण
(डी) इनमे से कोई नहीं

**उत्तर** 1.(बी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(सी) 5.(डी) 6.(बी) 7.(सी) 8.(बी) 9.(ए)

## खबर संक्षेप



हिसार। एचएयू के भ्रमण पर आए दयानंद कॉलेज के विद्यार्थी जानकारी लेते हुए।

### दयानंद कॉलेज के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**हिसार।** दयानंद कॉलेज के बीएससी तृतीय वर्ष के मेडिकल एवं बायोटेक्नोलॉजी के छात्रों ने एकीकृत कृषि प्रणाली (इंटीग्रेटेड फार्मिंग सिस्टम) का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सस्य विज्ञान विभाग के तहत एकीकृत कृषि प्रणाली इकाई का भ्रमण किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने बताया कि एकीकृत कृषि प्रणाली टिकाऊ खेती का एक बेहतरीन मॉडल है जिससे उत्पादन और पर्यावरण सुरक्षा में सुधार होता है। इस मौके पर विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक श्रीवास्तव, अर्थशास्त्र विशेषज्ञ डॉ. कविता, सहायक प्रोफेसर डॉ. मीनाक्षी गुप्ता, डॉ. रतीश चंद मिश्रा व ललित शर्मा आदि मौजूद रहे।

### वेंटिलेटर ट्रेनिंग वर्कशॉप का आयोजन किया



**हिसार।** गुरू दक्ष राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान में मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के विद्यार्थियों के लिए वेंटिलेटर की नवीन तकनीकों पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। संस्थान के टीपीओ डॉ. मुकेश बंसल ने जानकारी दी कि इस हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग वर्कशॉप का संचालन एस.डी. हेल्थकेयर कंपनी की विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया। वर्कशॉप का उद्देश्य विद्यार्थियों को वेंटिलेटर से संबंधित आधुनिक तकनीकों और उनके प्रायोगिक ज्ञान से अवगत कराना था। विभागाध्यक्ष नरेश सुथार ने बताया कि ऐसी कार्यशालाएं छात्रों को तकनीकी विषयों की गहराई से समझ प्रदान करती हैं।

### बिजली की बढ़ाई दरें वापस लेने की मांग



हिसार । उपायुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौंपते सीपीएम नेता।

**हिसार।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की शहर कमेटी ने हरियाणा सरकार द्वारा बिजली की दरों में की गई बढ़ोतरी की कड़ी आलोचना करते हुए इसे मेहनतकश और मध्यमवर्ग जनता पर नया बोझ करार दिया है। पार्टी ने उपायुक्त को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर बढ़ी हुई दरों को तुरंत वापस लेने की मांग की है। पार्टी नेता शकुंतला जाखड़ ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पहले से ही महंगाई और रोजी-रोटी का संकट झेल रही आम जनता पर यह बोझ लाद दिया है। बिजली की दरों में 20 से 40 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोतरी के साथ ही प्रति किलोवाट के हिसाब से 50 रुपए फिक्स चार्ज भी लगाया गया है जिसका कोई भी कारण नहीं बताया गया है और न ही इसका कोई औचित्य बनता है।

### ट्रक चालक से लूटपाट के 4 आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** ऐलनाबाद क्षेत्र में ट्रक चालक से हुई लूट की वारदात को ऐलनाबाद थाना पुलिस ने सुलझाते हुए महिला सहित चार युवकों को काबू किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान बलवीर उर्फ अनिल पुत्र छिंद्रपाल, हरतेज सिंह पुत्र गुरदेव सिंह, सिमरन कौर उर्फ परी पत्नी बलबीर सिंह निवासी बुढीमेड़ी व गुरसेवक उर्फ बच्ची पुत्र अवतार सिंह निवासी संतनगर जिला सिरसा के रूप में हुई है। बीते दिवस ट्रक चालक अजीत कुमार पुत्र सेवा सिंह निवासी गांव ढाणी मिरदाद बरवाला, जिला हिसार ने पुलिस को शिकायत दी थी।

---

### जीव रक्षा बिश्नोई सभा ने लगाया सेंटर की अनदेखी का आरोप

# वाइल्ड लाइफ ट्रीटमेंट सेंटर पर भी ध्यान दे सरकार : चन्द्र सिंह सहारण

**मोदी से बंतारा की तर्ज पर हिसार के वाइल्ड लाइफ ट्रीटमेंट सेंटर का दौरा करने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। पत्रकारों से बातचीत में जीव रक्षा बिश्नोई सभा के प्रधान एडवोकेट चन्द्र सिंह सहारण।

अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई सभा ने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार एवं वन्य प्राणी विभाग की अनदेखी के चलते हिसार के वाइल्ड लाइफ ट्रीटमेंट सेंटर कत्लखाने का रूप ले चुका है।

हिसार रेंज के लिए स्थापित इस वाइल्ड लाइफ ट्रीटमेंट सेंटर में दूर दराज से वन्य प्राणियों को इलाज के लिए लाया जाता है लेकिन सुविधाओं के अभाव में यहां आने के बाद वे वन्य जीव दम तोड़ देते हैं। और तो और, इस वाइल्ड लाइफ ट्रीटमेंट सेंटर में इन वन्य जीवों के लिए पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं है। अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई सभा के जिला प्रधान एडवोकेट चन्द्र सहारण व अन्य पदाधिकारियों ने शुक्रवार को इस तरफ शीघ्र ध्यान देने की मांग की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि हिसार में डियर पार्क के पास वाइल्ड लाइफ ट्रीटमेंट सेंटर स्थापित है लेकिन इसमें वन्य जीवों के उपचारा के लिए कोई सुविधा नहीं है। 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हिसार आ रहे हैं। ऐसे में बिश्नोई समाज उनसे मांग करता है कि जिस प्रकार उन्होंने गुजरात के बंतारा में जाकर वहां की शानदार व्यवस्था देखी थी, उसी तरह वे हिसार के डियर पार्क व ट्रीटमेंट सेंटर का दौरा करके यहां की व्यवस्था भी देखें। वैसे ही यह ट्रीटमेंट सेंटर एयरपोर्ट की साथ लगती दीवार के पास ही है। इस अवसर पर आदमपुर प्रधान कृष्ण कुमार राहड़, जिला उप प्रधान विनोद खिलेरी, अनिल भांभू, विजय मंडा, जयदेव धामू, सुग्रीव पूनिया, ईश्वर गोदारा, सुरेश खीचड़, अशोक लांबा, कुलदीप गोदारा व ओमप्रकाश कड़वासरा आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

#### आरोप निराधार : गोदारा

मंडल वन्य जीव अधिकारी वीरेंद्र गोदारा ने कहा कि हिसार वन्य जीव ट्रीटमेंट सेंटर को लेकर अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई सभा ने जो आरोप लगाए हैं, वे निराधार है। ट्रीटमेंट सेंटर में डॉक्टर, दवाइयां समेत सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध है।



वीरेंद्र गोदारा

---



हांसी। एसडी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हवन में आहुति डालते स्कूल प्रबंधन समिति प्रधान सज्जन अग्रवाल, प्राचार्या रेनू बंसल व अन्य।

## एसडी कन्या विद्यालय में हवन से किया नए सत्र का शुभारंभ

- शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं बल्कि जीवन को सही दिशा देने का माध्यम : प्राचार्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भगत सिंह रोड के नए शिक्षा सत्र (2025-26) की शुरुआत के लिए विद्यालय के श्री गणेशानंद सभागार में पंडित गौरी शंकर के द्वारा संपूर्ण वैदिक मंत्रों के साथ हवन यज्ञ किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक समिति सदस्यों, शिक्षकों व विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर प्राचार्या रेनू बंसल ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होती बल्कि यह जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है।

हवन के माध्यम से हम अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक सज्जन कुमार अग्रवाल, नकुल कुमार अग्रवाल, रजत कुमार अग्रवाल, ईश्वर गोयल, विद्यालय की उप प्राचार्या दीपिका सहित स्कूल स्टाफ व विद्यालय की छात्राओं ने भी यज्ञ में आहुति डाली।

---

## पीएचसी का किया विधायक ने औचक निरीक्षण

### गैर हाजिर मिले कर्मियों के खिलाफ की जाएगी कार्रवाई

- उमरा में 20 लाख की लागत से गलियों के निर्माण कार्य का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उमरा का निरीक्षण करते विधायक विनोद भयाना।

विधायक विनोद भयाना ने शुक्रवार को उमरा गांव में लगभग 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाली गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया और गांव में ई- लाइब्रेरी भवन का निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाने की घोषणा की। विकास कार्यों के शुभारंभ के उपरांत विधायक ने लोगों की समस्याओं को सुना।

इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के संबंध में एक शिकायत प्राप्त हुई। विधायक ने शिकायत पर तुरंत संज्ञान लेते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हाजिरी रजिस्टर से लेकर तमाम व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात जो कर्मी अनुपस्थित मिले हैं उसके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में पहुंचने का किया आह्वान इस दौरान विधायक ने कहा कि 5 अप्रैल तथा 14 अप्रैल हरियाणा प्रदेश के लिए ऐतिहासिक दिन होंगे, क्योंकि 5 अप्रैल को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरियाणा को नशा मुक्त राज्य बनाने के उद्देश्य को लेकर साइक्लोथॉन 2.0 रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। और 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा प्रदेश को पहले एयरपोर्ट की सौगात देंगे उन्होंने कहा हम सबके लिए गर्व की बात है कि यह दोनों मेगा इवेंट हमारे जिले हिसार में होने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एयरपोर्ट का उद्घाटन करने के बाद एक विशाल रैली को संबोधित करेंगे। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वह अधिक से अधिक संख्या में रैली में पहुंचे।

इस अवसर पर गांव के सरपंच विनोद मलिक, भाजपा उमरा मंडल के प्रधान विजय देपल, भोलू टांक, विकास मलिक, मास्टर मंगतूराम, नसीब मलिक, नरेंद्र मालिक, विजय मलिक, मनदीप मलिक आदि मौजूद रहे।

---

## श्री प्रयागगिरी शिवालय ट्रस्ट में शिव महापुराण की कथा 7 से

- शिव महापुराण कथा के शुभारंभ पर निकाली जाएगी कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते श्री प्रयागगीरी शिवालय ट्रस्ट व पीजीएसडी शिक्षण संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग।

श्री प्रयागगिरी शिवालय ट्रस्ट व पीजीएसडी शिक्षण संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि 7 अप्रैल से 15 अप्रैल तक मन्दिर में श्री शिव महापुराण की कथा महामंडलेश्वर साध्वी करुणागिरी द्वारा हिसार में पहली बार शिव महापुराण कथा श्री प्रयागगिरी शिवालय मंदिर पड़ाव चौक में किया जा रही है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए कार्यकारी अध्यक्ष गर्ग ने कहा कि 7 अप्रैल को प्रातः शिवालय मंदिर पड़ाव से प्रातः 8:30 बजे भव्य कलश यात्रा बजार में निकाली जाएगी। बजरंग गर्ग ने कहा कि देवों के देव भगवान शिव को महादेव भी कहा जाता है।

भगवान शिव भोलेनाथ एक लोटा जल से ही प्रसन्न हो जाते है। गर्ग ने कहा कि श्री प्रयागगिरी शिवालय प्राचिन सबसे पुराना मन्दिर है। जहां पर हर रोज हजारों भक्त मन्दिर में दर्शन के लिए आते है। शिवालय मन्दिर की बहुत भारी मान्यता है। शिवालय के साथ भक्तों की आस्था जुड़ी हुई है। बजरंग गर्ग ने कहा कि मन्दिर व स्कूल की सभी संस्थाओं का सौंदर्यकरण करवाया जा रहा है।

---

## कमीशन के लालच में धोखाधड़ी के रुपये अपने खाते में जमा करवाने का आरोपी काबू

- एप्लीकेशन डाउनलोड करवाकर की थी 112,500 की धोखाधड़ी

**हांसी।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मोबाइल फोन पर लिंक भेजकर 1.125 लाख रुपये की धोखाधड़ी के रुपयों को कमीशन के लालच में आकर अपने बैंक खाते में जमा करवाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है।

आरोपी ने लाल सड़क निवासी विकास ने साइबर ठगों द्वारा उसके मोबाइल फोन में कोस्टा अप्लीकेशन डाउनलोड करवाकर 112,500 रुपये की धोखाधड़ी की थी। कमीशन के लालच में धोखाधड़ी के रुपये जमा करवाने वाले आरोपी की पहचान पंजाब फतेह गढ़ जिले के गांव बांबरी निवासी बिकार के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता कुलदीप सिंह ने बताया कि साइबर ठगों ने हांसी की लाल सड़क निवासी विकास के मोबाइल के व्हाट्सअप पर जनवरी 2025 में एक लिंक भेजकर उसके फोन में कोस्टा अप्लीकेशन डाउनलोड करवाकर उसके क्रेडिट कार्ड व सेविंग बैंक खाते से 112,500 की धोखाधड़ी के रुपए कमीशन लेकर अपने बैंक खाते में जमा करवाए थे। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

---

## वक्फ बोर्ड बिल में संशोधन पर निकाली शोभा यात्रा

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया, ढोल नगाड़ों पर नृत्य किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला



बरवाला। शोभा यात्रा निकालते प्राचीन शिवपुरी शिवालय धाम कमेटी व अन्य।

प्राचीन शिवपुरी शिवालय धाम कमेटी समेत बरवाला शहर के लोगों द्वारा वक्फ बोर्ड बिल में संशोधन करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करने के लिए शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में इन लोगों ने ढोल नगाड़ों पर नृत्य करके रंग गुलाल उड़ाते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। यह शोभा यात्रा खरकड़ा मार्ग पर स्थित प्राचीन शिवपुरी शिवालय धाम से लेकर बरवाला के विभिन्न वार्डों, मेन बाजार व मेन रोड से होते हुए अग्रसेन चौक तक निकाली गई। इस अवसर पर प्रधान रतन सैनी, राजेश सैनी, संजय सिंगला, वीरेंद्र गुप्ता, पंडित सचिन शर्मा कौशिक, राजकुमार सरदाना, मुकेश सिंगला, प्रवीण सैनी, इंद्रजीत शेखावत, प्रीतम सरदाना अमन आहूजा, प्रीतम सैनी व रतिराम आदि मौजूद रहे।

---

## आज हर्षोल्लास से मनाया जाएगा भाजपा स्थापना दिवस

- संयोजक व सह संयोजकों ने बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



भाजपा का स्थापना दिवस जिलेभर में 6 अप्रैल को विधानसभा स्तर पर हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इसके तहत पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता आम जन के साथ अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाएंगे।

स्थापना दिवस से बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती तक पार्टी अन्य कार्यक्रमों को भी जोरशोर से चलाएगी। यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने जिला कार्यालय में स्थापना दिवस व अन्य आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा के लिए आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी का स्थापना दिवस व अन्य कार्यक्रम जिला महामंत्री संजीव रेवड़ी के संयोजन में होंगे। उनके साथ कृष्ण सरसाना, कुलदीप डेलू व संदीप गोयल को सह संयोजक लगाया गया है। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल को विधानसभा स्तर पर स्थापना दिवस कार्यक्रम होंगे। स्थापना दिवस कार्यक्रम से लेकर आगामी एक सप्ताह तक 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. बीआर अंबेडकर जयंती व उसी दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हिसार आगमन के कार्यक्रम बारे भी बैठक में चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं की ड्यूटियां लगाई गई है। जिला मीडिया प्रमुख राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि बैठक में जिला महामंत्री आशीष जोशी, युवा मोर्चा से हर्ष बामल के अलावा मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, संयोजक व सह संयोजक मौजूद रहे।

---

## लितानी की यानशिका ने नेशनल बॉक्सिंग में जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। स्वर्ण पदक जीतने वाली छात्रा यानशिका

नेशनल बॉक्सिंग अकेडमी रोहतक में हुई सब जूनियर गर्ल्स नेशनल बॉक्सिंग ट्रायल में लितानी गांव की यानशिका ने स्वर्ण पदक जीत कर गांव व जिले के नाम रोशन किया है। यानशिका की इस सफलता पर गांव में खुशी का माहौल है।

छात्रा यानशिका इस समय लितानी बॉक्किसंग अकेडमी में कोच अनिल नैन से प्रशिक्षण ले रही है। कोच अनिल नैन ने बताया कि इस मुकाबले में यानशिका का फाइनल मुकाबला राजस्थान की बॉक्सर से हुआ। इसमें जीत के बाद वह 17 अप्रैल से 3 मई तक अमान जॉर्डन में सब जूनियर एशियन चैंपियनशिप में खेलते हुए भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

---

**कार्यक्रम** भाग्यशाली लोगों को श्रीराम कथा श्रवण करने का मिलता अवसर : चिन्मयदास

## कथा के दौरान श्रीराम-भरत मिलाप का प्रसंग सुनकर भावुक हो गए श्रद्धालु, जय श्रीराम का किया उद्घोष

- कल निकाली जाएगी भव्य रामनवमी शोभा यात्रा, हवन व भंडारे का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित श्रीराम कथा में उपस्थित श्रद्धालुगण

श्रीराम कथा समिति द्वारा महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित रामनवमी महोत्सव व श्रीराम कथा 5 अप्रैल को राम राज्याभिषेक व रामराज्य महिमा के साथ संपन्न होगी। इसके उपरांत 6 अप्रैल को प्रातः जनकल्याण के निमित हवन-यज्ञ किया जाएगा और प्रातः 9.15 बजे भव्य रामनवमी शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा महाराजा अग्रसेन भवन से चलकर और विभिन्न बाजारों से होते हुए वापस अग्रसेन भवन पहुंचेगी। यहां पर दोपहर 12.15 बजे से प्रभु इच्छा तक भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्रीराम कथा समिति के पदाधिकारी सुरेंद्र लाहौरिया, राजेश बंसल व शक्ति अग्रवाल ने बताया कि रामनवमी शोभा यात्रा के प्रति श्रद्धालु काफी उत्साहित हैं।

श्रीराम कथा के पांचवें दिन कथा व्यास महंत चिन्मयदास महाराज ने भरत मिलाप के समय प्रभु श्रीराम की आत्मीयता व भरत की आस्था का ऐसा वर्णन किया कि सभी श्रद्धालु एकटक होकर सुनते रहे। आलौकिक शब्दों के माध्यम से ऐसी अनुभूति हुई मानो साक्षात श्रीराम व भरत आपस में मिल रहे हो।

#### ये रहे मौजूद

श्रीराम कथा के दौरान हिसार की विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री सावित्री जिंदल के प्रतिनिधि जगदीश जिंदल विशेष रूप से उपस्थित रहे। नगर निगम की पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रही। इस दौरान अनिल जैन टीनू, जगमोहन मित्तल, संजय डालमिया, ललित शर्मा, डॉ. लवनीश गोयल, भूपेंद्र एक्शन, अंजनी कुमार खारियावाले, सतप्रकाश राजलीवाले, सुभाष बंसल, लाला देवराज गर्ग, निप्पी सोनी, सजन सिंगल, प्रवीन गुप्ता वीएचपी, अनीता प्रभाकर, रितु सिंगला, रोशनलाल, डॉ. सुशील सिंगला, सुरेश गर्ग व पुरुषोत्तम तायल आदि लोग उपस्थित रहे।

---

### बंद मकान से चोरी का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** आजाद नगर पुलिस ने शास्त्री नगर स्थित बंद मकान से आभूषण, गैस सिलेंडर और इन्वर्टर बैटरी चोरी के मामले में दूसरे आरोपी शास्त्री नगर निवासी सोनू उर्फ हनुमानगढ़िया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से चोरीशुदा दो गैस सिलेंडर और एक एलईडी टीवी बरामद किया है। आरोपी सोनू ने अपने साथी आशीष के साथ मिलकर बंद मकान में चोरी की वारदात की। शास्त्री नगर निवासी अमरजीत शास्त्री ने उसके बंद मकान से सोने चांदी के आभूषणों सहित गैस सिलेंडर और इन्वर्टर बैटरी चोरी होने के बारे शिकायत दी थी। वह 13 से 28 मार्च तक वह अपने निजी काम से सपरिवार बाहर गया था। इसी दौरान किसी ने बंद घर से आभूषणों सहित सामान चुरा लिया।

## खबर संक्षेप

### उद्घघोषित आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**हांसी।** पीओ स्टाफ पुलिस ने उद्घघोषित एक आरोपी जींद जिले के गांव डोहला निवासी नरेंद्र को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी को अदालत द्वारा थाना सदर हांसी में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में उद्घघोषित आरोपी करार दिया हुआ था। आरोपी अदालत में तारीख पर पेश नही हुआ जिसके बाद अदालत के आदेश पर सदर थाना हांसी में उसके खिलाफ पीओ का मामला दर्ज किया गया था।

### स्वामी सत्यानंद महाराज के प्रवचन 9 से

**हिसार।** अखिल भारतीय सोह्म महामंडल के तत्वाधान में स्वामी सत्यानंद महाराज के प्रवचन 9 से 15 अप्रैल तक देवीभवन स्थित गोयंका सेवा सदन में होंगे। संस्था के उप प्रधान राकेश गर्ग ने बताया कि महामंडलेश्वर स्वामी विवेकानंद महाराज वृन्दावन वालों की सत्यप्रेरणा व उन्ही के कृप्यापात्र सोह्म पीठाधीश्वर श्री सत्यानंद महाराज की अध्यक्षता में आयोजन होगा।

### हथियार के साथ फोटो अपलोड करने वाला काबू

**हांसी।** जिला भर में गन कल्चर व सोशल मीडिया पर हथियार संग फोटो अपलोड करने वालों पर लगाम लगाते हुए सदर थाना पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हथियार संग फोटो अपलोड करने वाले आरोपी ढाणी कुतुबपुर निवासी पवन को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए आरोपी ने क्षेत्र में दहशत फैलाने के लिए कुछ दिन पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हथियार संग फोटो अपलोड कर दिया था। जिसके बाद सदर थाना पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

### ओशो ध्यान उपवन में बैसाखी पर शिविर

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में बैसाखी पर्व धूमधाम से मनाने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस अवसर पर 11 से 13 अप्रैल तक तीन दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन किया जाएगा और 13 अप्रैल को ही एक ओंकार सतनाम महासत्संग का आयोजन होगा। इस ध्यान शिविर व महासत्संग में विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों लोग हिस्सा लेंगे। ध्यान शिविर व महासत्संग की तैयारियों की समीक्षा के लिए 6 अप्रैल को दोपहर 12 बजे ओशो ध्यान उपवन में बैठक का आयोजन भी किया गया।

### हत्या का प्रयास मामले में एक गिरफ्तार

**हिसार।** सीआईए टीम ने लुदास निवासी रवि पर जानलेवा हमला कर गोली मारने के मामले में एक और पांचवें आरोपी राजस्थान के हनुमानगढ़ निवासी अंकित को गिरफ्तार किया है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। जांच अधिकारी एएसआई प्रवीण ने बताया कि उपरोक्त आरोपी अंकित, लुदास निवासी रवि पर जानलेवा हमला कर गोली मारने के मामले में शामिल था। इस मामले में पहले चार आरोपियों लुदास निवासी विशाल उर्फ शूटर, सोनू उर्फ बागड़ी, मुकेश उर्फ मोनू और प्रदीप उर्फ टिंकू को गिरफ्तार कर दो पिस्तोल और सात कारतूस बरामद किए जा चुके हैं।

# छात्राओं ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

- दयानंद कॉलेज में पांच दिवसीय कैंप का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

दयानंद कॉलेज के डिपार्टमेंट ऑफ फिजिकल एजुकेशन, वूमेन सेल तथा सेल्फ डिफेंस सोसाइटी के तत्वाधान में छात्राओं के लिए चले पांच दिवसीय आत्मरक्षा कौशल प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। शिविर के दौरान दयानंद गर्ल्स हॉस्टल के परिसर में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें छात्राओं को आत्मरक्षा सम्बन्धित तकनीक जैसे कराटे, कुंग-फू और मार्शल आर्ट इत्यादि में प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर शोभा चहल मुख्य अतिथि रही। शोभा चहल तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सभी छात्राओं को सेल्फ डिफेंस प्रशिक्षण सर्टिफिकेट वितरण किए। उन्होंने शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा प्रो. सुरजीत कौर तथा वूमेन सेल की संयोजिका डॉ. वलेरिया सेठी को इस कैंप के आयोजन के लिए बधाई दी। इस अवसर पर वूमेन सेल की सह-संयोजिका डॉ. रेनू राठी, डॉ. शर्मिला, डॉ. नीरू, डॉ. मीनाक्षी, डॉ. संगीता, डॉ. छवि, प्रो. शालू नारंग, डॉ. अर्चना मलिक, सेल्फ डिफेंस सोसाइटी की तरफ से रोहतास कुमार, प्रशिक्षण टीम में पारुल, संजय, विकास गोदारा, बंसीलाल व नरेश नैन भी उपस्थित रहे।



हिसार। प्रशिक्षण प्राप्त करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

# इंडस आरपीएस स्कूल में शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

- विद्यार्थियों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को हवन पूजन के साथ नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा 108 गायत्री मंत्रोच्चारणों के साथ हवन में आहुति दी गई। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु और प्रधानाचार्या नीलम राठी ने नए सत्र के शुभारंभ पर विद्यालय के स्टाफ व विद्यार्थियों को बधाई देते हुए हवन में पूर्णाहुति डाली। सभी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया और नए विद्यार्थियों को विद्यालय का भ्रमण करवाया। विद्यार्थियों ने हवन के साथ-साथ शैक्षणिक गतिविधियों की शुरुआत भी की। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विद्यार्थियों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का संकल्प लिया। चेयरपर्सन डॉ. सिंधु ने सभी को नवीन शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्या ने कहा कि नए सत्र में विद्यार्थी एवं अध्यापक नए लक्ष्य निर्धारित करके उनको हासिल करने की कोशिश करें। बिना लक्ष्य निर्धारित की गई मेहनत का कोई फायदा नहीं होता है। किसी भी कार्य के पीछे समय बहुत ही महत्व रखता है और उस कार्य पर किए जाने वाले परिश्रम के कारण ही ईश्वर हमारी मदद करता है। उन्होंने इस मौके पर अभिभावकों से आह्वान किया कि वे समय को नष्ट किए बगैर अपने बच्चों को स्कूल में भेजें। इस आयोजन से विद्यालय में एक सकारात्मक वातावरण बना और विद्यार्थियों को नए सत्र के लिए उत्साहित किया गया।



हिसार। नए सत्र के शुभारंभ मौके हवन में हिस्सा लेते चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु।

## गुजवि की प्रथम यूटीडी खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

# स्पर्धा में रिशिका और अक्षय ने जीता सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब

### विद्यार्थियों के खेल कौशल को निखारने व उन्हें प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने के लिए विवि प्रतिबद्ध : प्रो. बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

महाराणा प्रताप स्टेडियम में हुई दो दिवसीय प्रथम यूटीडी खेलकूद प्रतियोगिता के समापन हो गया है। प्रतियोगता में महिला चैम्पियनशिप फिजिक्स विभाग की टीम ने जीती। साइकोलॉजी विभाग दूसरे व बायोटेक्नोलॉजी विभाग तीसरे स्थान पर रहे। पुरुष चैम्पियनशिप भी फिजिक्स विभाग की टीम ने अपने नाम की। कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वितीय स्थान पर रही। तीसरा स्थान संयुक्त रूप से हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस व प्रिंटिंग टेक्नोलॉजी विभाग ने प्राप्त किया। महिला वर्ग में फिजिक्स विभाग की रिशिका को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। पुरूष वर्ग में प्रिंटिंग विभाग के अक्षय को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। विश्वविद्यालय के शिक्षकों व गैर शिक्षकों के बीच हुए 12 ओवर के क्रिकेट मैच में गैरशिक्षक कर्मचारियों की टीम सात रन से विजयी रही। रस्साकस्सी प्रतियोगिता में शिक्षकों की टीम विजयी रही।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि जीत केवल पदक प्राप्त करने में नहीं है, बल्कि खेल भावना, मेहनत और सीखे गए अनुभवों में है।



हिसार। विजेता विभाग को सम्मानित करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

#### दोनों वर्गों में कुल 14-14 प्रतियोगिताएं हुई

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि गुजवि विद्यार्थियों के खेल कौशल को निखारने, उनकी प्रतिभा को पहचान कर उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई विश्वविद्यालय के खेल निदेशालय के सौजन्य से करवा गए समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डा. वंदना बिश्नोई समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रही। खेल निदेशालय के अधिष्ठाता प्रो. मनीष कुमार ने स्वागत सम्बोधन किया और बताया कि महिला व पुरुष वर्ग की कुल 14-14 प्रतियोगिताएं हुई। इस अवसर पर सहायक खेल निदेशक डा. मृणालिनी नेहरा, वरिष्ठ एथलेटिक कोच गंगादत्त व ओपी भादू उपस्थित रहे।

# नशे से दूर रहकर खुशी से जिएं युवा

- नशा मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

नशा मुक्त भारत-नशा मुक्त हरियाणा जागरूकता अभियान के तहत गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता तरुण शर्मा ने की जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता नशा मुक्त भारत अभियान के मास्टर वालंटियर एवं सिविल अस्पताल से काउंसलर राहुल शर्मा ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए कहा कि युवा जीवन को नशे के सहारे नहीं, बल्कि खुशी और आत्मविश्वास से जीना चाहिए। उन्होंने बताया कि नशा आज सिर्फ एक समस्या नहीं, बल्कि एक गंभीर सामाजिक बुराई बन चुका है, जिससे हजारों परिवार उजड़ रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित युवाओं ने नशा न करने की शपथ ली और समाज को नशामुक्त बनाने में अपना योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर परितोष पाराशर (टीपीओ), तरुण कुमार शर्मा (एचओडी), डॉ. दिनेश नैन, रवि, सोनू कस्वां, प्रतिभा शर्मा, मोनिका, मौसम, कविता पूनिया, कविता साहू आदि मौजूद रहे।



हिसार। युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करते नशा मुक्त भारत अभियान के मास्टर वालंटियर राहुल शर्मा। फोटो : हरिभूमि

## युवा खुद को नशे से बचाएं व जनता को भी जागरूक करें : डॉ. बिश्नोई



**हिसार।** सेवानिवृत आईपीएस अधिकारी एवं मेघालय से पूर्व डीजीपी डॉ. एलआर बिश्नोई ने कहा है कि युवाओं को अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करते हुए न केवल स्वयं को नशे की गिरफ्त से बचाना है बल्कि जन साधारण को जागरुक भी करना है। उन्होंने कहा कि नशा अनेक प्रकार की मानसिक और शारीरिक व्याधियों का कारण बनता है और आर्थिक उन्नति में बाधक है। डॉ. एलआर बिश्नोई यहां के दयानंद कॉलेज में नशे पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नशे के कारण व्यक्ति सामाजिक दूरी महसूस करता है। नशे के सेवन से कई प्रकार की खतरनाक बीमारियां होती हैं। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि नशा आज एक बड़ी समस्या बन गई है, जो समाज में अधिकतर व्यक्तियों विशेष कर युवा वर्ग में एक गहरी जड़ बना चुका है।

### खुद की ऑडी गाड़ी चोरी के आरोप एक पकड़ा

**हिसार।** स्पेशल स्टाफ पुलिस टीम ने आधार अस्पताल के पास से ऑडी गाड़ी चोरी के मामले में गाड़ी के मालिक दुर्जनपुर निवासी मंगत राम को गिरफ्तार किया है। आईसीआईसीआई लंबोर्ड की सोनल शाखा में मैनेजर के तौर पर तैनात दुर्जनपुर निवासी मंगतराम ने 15 मार्च को आधार अस्पताल के पास से ऑडी गाड़ी चोरी के बारे शिकायत दी थी। उसने बताया कि वह 15 मार्च को आधार अस्पताल इलाज के लिए आया था और उसने अपनी ऑडी गाड़ी अस्पताल के बाहर खड़ी की थी। जब वह वापस आया तो उसे वहां गाड़ी नहीं मिली। पुलिस ने थाना आजाद नगर में केस दर्ज करके छानबीन शुरू की तो सच सामने आया।

# पशु बचाने के प्रयास में पलटी गाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

हांसी तोशाम रोड़ पर हाजमपुर गांव के समीप अचानक सामने आए बेसहारा पशु को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित सफारी गाड़ी सड़क किनारे पलट गई जिससे गाड़ी में सवार सिसाय निवासी दिनेश व उसकी बहन मधुबाला घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों घायलों को गाड़ी से निकाल कर उपचार हेतु नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हिसार रेफर कर दिया। लेकिन परिजनों ने दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती करवाया है जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। नागरिक अस्पताल में मौजूद पपोसा निवासी सुखबीर ने बताया कि उनका जमीन को लेकर अपने पड़ोसी के साथ विवाद चल रहा है और विवाद के सिलसिले में एक वकील से मिलने जाने के लिए अपने दोस्त दिनेश ओर उसकी बहन मधुबाला को लेकर हांसी से पपोसा के लिए निकला था। और हाजमपुर गांव से निकलने के बाद अचानक उसकी गाड़ी के सामने बेसहारा पशु आ गया और उसी बेसहारा पशु को बचाने के प्रयास में गाड़ी बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गई। जिससे गाड़ी में सवार मधुबाला के सिर में तथा दिनेश के हाथ पैर व कमर में चोटें आई हैं।



हांसी। नागरिक अस्पताल में घायल महिला का उपचार करते चिकित्सक।

# ओएसजीयू में मेगा जॉब फेयर का शुभारंभ

- बाकी बचे 2 दिनों का युवा उठा सकते है फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय मे तीन दिन तक चलने वाले मेगा जॉब फेयर का 4 अप्रैल को शुभारंभ किया गया। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल और प्रो चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि इस बार का पूल कैंपस तीन दिन 4, 5 और 6 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें पूरे हरियाणा प्रदेश से युवा भाग लेंगे व सनराइज मेटल कंपनी, एलआईसी ऑफ इंडिया, ओरियन मोटर्स, रिलायंस इंडिया, आईसीआईसीआई, एचडीएफसी बैंक जैसी नामी 48 से अधिक कंपनियों द्वारा विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने आए हुए प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप अपनी मेहनत के बल पर इस रोजगार मेले से रोजगार प्राप्त कर सकते है। मेगा जॉब फेयर में लगभग 5250 से अधिक प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है।



हिसार। रोजगार मेले में उपस्थित कुलपति डॉ. एनपी कौशिक व अन्य।

### कौशल ही रोजगार एवं जीवन में सफल होने की कुंजी : डॉ. कौशिक

इस कार्यक्रम के दौरान ओएसजीयू के कुलपति डॉ एनपी कौशिक मुख्य अतिथि रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए मेहनत और लग्न से कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने प्रतिभागियों से यह कहा कि कौशल ही रोजगार एवं जीवन में सफल होने की कुंजी है। युवाओं ने रोजगार मेले के प्रथम दिन में काफी उत्साह दिखाया। इस मौके पर प्रति-कुलपति डॉ राजेन्द्र सिंह छिल्लर, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के डीन डॉ. अमित नांदल, डॉ. राकेश धीमान, डॉ. सीमा घनघस, डॉ. सुनील बैंदा, राधे सोलंकी, भव्य वशिष्ठ, मानसी और विकास आदि उपस्थित रहे।

# केंचुआ पालन पर दिया व्यख्यान

- छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज के बॉटनी विभाग के तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज के बॉटनी विभाग के तत्वावधान में केंचुआ पालन एवं खाद बनाने के विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। विभाग के अध्यक्ष डॉ सुनील कुमार ने बताया कि हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय से सहायक वैज्ञानिक डॉ. नीतीश बंसल इस अवसर पर मुख्य वक्ता रहे। अपने वक्तव्य में उन्होंने पर्यावरण के दृष्टिकोण से केंचुआ पालन के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि वर्मीकंपोस्टिंग से किसानों की खेती-बाड़ी में लागत भी कम हो जाती है। कंपोस्टिंग प्रक्रिया मिट्टी की उर्वरता शक्ति को बढ़ाती है तथा भूमि प्रदूषण को भी कम करती है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कपेन्द्र सिंह ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद किया। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के प्राध्यापक मौजूद रहे।



हिसार। विद्यार्थियों को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

## आवेदन प्रक्रिया को कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने अंतिम रूप दिया

# ऑनलाइन होंगे एमए हिन्दी, अंग्रेजी, एमएससी मैथ कोर्स

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजुकेशन (सीडीओई) के तहत संचालित किए जाने वाले तीन ऑनलाइन कोर्स के लिए डीईबी (यूजीसी) में आवेदन किया गया है। आवेदन प्रक्रिया को अंतिम रूप देते हुए कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने आगामी सत्र से विश्वविद्यालय के सीडीओई द्वारा एमए (हिन्दी), एमए (इंग्लिश) और एमएससी (गणित) कोर्स को ऑनलाइन शुरू करने के लिए आवेदन किया है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस अवसर पर कहा कि एमए (हिन्दी), एमए (इंग्लिश) तथा एमएससी (गणित) के ऑनलाइन कोर्स विशेष रूप से उन विद्यार्थियों के लिए तैयार किए गए हैं, जो साहित्य, भाषा और गणित के क्षेत्र में गहरी रुचि रखते हैं।

एमकॉम, एमसीए, एमबीए (मार्केटिंग, फाइनेंस, एचआर, इंटरनेशनल बिजनेस, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, प्रोडक्शन एंड ऑपरेशन मैनेजमेंट), एमए (मास कम्युनिकेशन) कोर्स पहले से ही ऑनलाइन मोड में संचालित हैं। साथ ही एमए (हिन्दी), एमए (इंग्लिश) तथा एमएससी ( मैथेमेटिक्स) ओडीएल मोड में पहले से ही शुरू हो चुके हैं।



हिसार। तीन ऑनलाइन कोर्सों के लिए आवेदन प्रक्रिया को अंतिम रूप देते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

#### पहले भी कई कोर्स संचालित हो रहे

सीडीओई के निदेशक प्रो. खुजान सिंह ने बताया कि सीडीओई पहले से ही तीन अंडर ग्रेजुएट कोर्स जैसे बीए, बीकॉम व बीए (मास कम्युनिकेशन) तथा सात पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स जैसे एमए (मास कम्युनिकेशन), एमएससी (मैथ), एमबीए, एमकॉम, एमसीए, एमए (हिंदी) व एमए (इंग्लिश) ओडीएल मोड में संचालित कर रहा है।